नमो रोहिताय ॥ स्थपतये वृक्षाणाम्पतये नमो नमो भुवन्तये वारिवस्कृतायौषधीनाम्पतये नमो नमो मन्त्रिणे वाणिजाय कक्षाणाम्पतये नमो नमऽ उच्चैर्घोषायाक्रन्दयते पत्तीनाम्पतये नमो नमः कृत्स्नायतया ॥ १९ ॥

भोगनेयोग्य करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, औषधियोंके पालन करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, मंत्रिरूप रुद्रके अर्थ नमस्कार तथा वाणिज्य व्यापार (लेन, देन) करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कक्षा (लतामंडप, गुल्म) की रक्षा करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, युद्धमें बड़े उच्च स्वरसे शब्द करते हुए शत्रुओंको रुलानेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, पदचरों (सेना अथवा पैदलों) का पालन करनेवाले रुद्रके अर्थ हमारा नमस्कार हो ॥ १९ ॥ कर्णपर्यन्त धनुषकी प्रत्यंचाको चढाकर रणमें चलनेवाले

नमंः कृत्स्नायुतया॥ धावंतेसत्त्वंनाम्पतंयेनमोनमः सहंमानायनिव्याधिनंऽआव्याधिनीनाम्पतंये नमोनमोंनिषङ्गिणेंककुभायस्तेनानाम्पतंयेनमोनमोंनिचेरवेंपरिचरायारंण्यानाम्पतंयेनमोनमोवञ्चंते ॥ २० ॥

रुद्रके अर्थ नमस्कार, शरणागतोंका पालन करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, शत्रुओंका तिरस्कार करनेवाले वा उनको मारनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार है; चारों ओरसे हनन करनेवाली शूरमाओंकी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

सेनाकी रक्षा करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, खड्गको धारण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार अथवा धनुषबाण धारण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, गुप्त[1]चोरोंके पालन करनेवाले रुद्रके लिये नमस्कार, अपहरणकी बुद्धि उत्पन्न करके विचरनेवाले तथा अपने उद्यानादिकोंके मार्गमें फिरनेवाले रुद्रके

नमोव्वञ्चंते ॥ परिवञ्चंतेस्तायूनाम्पतंयेनमोनमोंनिषङ्गिणंऽइषु
धिमतेतस्कंराणाम्पतंयेनमोनमं ÷ सृकायिभ्योजिघांꣳस
द्भ्योमुष्णताम्पतंयेनमोनमों सिमद्भ्योनक्तञ्चरंद्भ्योविकृन्ता
नाम्पतंयेनमं÷ ॥ २१ ॥

निमित्त नमस्कार, वनोंके स्वामी रुद्रके लिये नमस्कार, सबको वंचन करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार ॥ २० ॥ मायासे ठगनेवाले

१ चोररूप जीवका पालन करनेवाले शंकरको नमस्कार है ।

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रुद्रके अर्थ नमस्कार, स्वामीका सच्चा हूं मैं ऐसा होकरके व्यवहारमें कहींभी उस स्वामीके धनको व्यय करता है उसको परिवंचन कहते हैं सो परिवंचन करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, घरमें कूमल देकर चोरी करनेवाले वा विना जाने हुए जो मनुष्य है जो कि रात दिन द्रव्य चुराते ऐसे चोरोंके स्वामी रुद्रके अर्थ नमस्कार, तरकश धारण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार तथा भर्थरी धारण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, जो प्रत्यक्ष चोर हैं तिनके स्वामी रुद्रके अर्थ नमस्कार, वज्र हाथमें लेकर शत्रु ओंको मारनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, क्षेत्रादिकोंमें धान्य चुरानेवालोंका पालन करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, खड्ग धारण कर रात्रिके समय गलियोंमें फिरनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, मार पीटकर धन लेनेवालोंके पति रुद्रके अर्थ नमस्कार ॥ २१ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पाग धारण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार और पर्वतोंमें फिरनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, क्षेत्रादिकोंकी पृथ्वी वा निकृष्ट हरण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, प्राणियोंको भय दूर करनेके निमित्त बाणोंको धारण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार ! हे रुद्रो ! धनुष धारण करनेवाले तुम्हारे अर्थ नमस्कार,

नमं॑ऽउष्णीषिणे॑ ॥ गिरिचुराय॑कुलुञ्चानाम्पत॑येनमोनमं॑ऽइषु मद्भ्यो॑धन्वायिभ्य॑श्चवो नमोनमं॑ऽआतन्वानेभ्यं॑÷प्रति दधा॑नेभ्यश्चवोनमोनमं॑ऽआयच्छद्भ्योस्यं॑द्भ्यश्चवो नमोन मो॑विसृजद्भ्यं॑÷ ॥ २२ ॥

धनुषमें प्रत्यंचाको आरोपण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, अच्छी तरह धनुषमें बाण धारण करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार तथा भली भांतिसे बाणको खींचनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार तथा

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सुन्दर रीतिसे बाणको फेंकनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार ॥ २२ ॥ वैरियोंके ऊपर बाण त्याग करनेवाले रुद्रके निमित्त नमस्कार तथा शत्रुओंको मारनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, स्वप्नावस्थाका अनुभव करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार तथा जाग्रत्अवस्थावाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, सुषुप्तिअवस्थावाले

नमो॑ विसृजद्भ्यो॒ विध्य॑द्भ्यश्च वो॒ नमो॒ नमः॑ स्वप
द्भ्यो जाग्र॑द्भ्यश्च वो॒ नमो॒ नमः॒ शया॑नेभ्य॒ऽआसी॑ने
भ्यश्च वो॒ नमो॒ नम॒स्तिष्ठ॑द्भ्यो॒ धाव॑द्भ्यश्च वो॒ नमो॒ न
मः॑ स॒भाभ्यः॑ ॥ २३ ॥

रुद्रके अर्थ नमस्कार, स्थित हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार तथा खडे हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, चलनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार ॥ २३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सभारूप रुद्रके अर्थ नमस्कार, सभापति रुद्रके अर्थ नमस्कार, हयरूप रुद्रके निमित्त नमस्कार । हे रुद्र ! अश्वोंके स्वामी तुमारे अर्थ नमस्कार, हे रुद्र ! अव्याधिनी देवियोंके अथवा चेमूक अर्थ नमस्कार

नमः सभाभ्यः ॥ सभापतिभ्यश्च वो नमो नमोऽश्वे
भ्योऽश्वपतिभ्यश्च वो नमो नमऽआव्याधिनीभ्यो
विविध्यन्तीभ्यश्च वो नमो नमऽउगणाभ्यस्तृंहु
तीभ्यश्च वो नमो नमो गणेभ्यः ॥ २४ ॥

बाँधनेवाले आप रुद्रके अर्थ नमस्कार, जिनके भृत्यवर्ग श्रेष्ठ हैं ऐसी ब्रह्मी आदिक माताओंके लिये नमस्कार, मारनेमें शक्तिवाली दुर्गादिकोंके अर्थ नमस्कार ॥ २४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे रुद्र ! देवगणोंके सेवक भूतगणोंके अर्थ नमस्कार तथा गणोंके पति तुम्हारे अर्थ नमस्कार, व्रात अर्थात् भिन्न भिन्न जातियोंके समूहके अर्थ नमस्कार, व्रातपति आपके निमित्त नमस्कार, विषयमें जिनके चित्त हरसमय लग रहे हैं तिनके लिये अथवा बुद्धिमानोंके अर्थ नमस्कार, विषयोंमें प्रीति करने-

नमो॑ गुणेभ्यो॑ ॥ गुणप॑तिभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमो॒ व्रातेभ्यो॒ व्रात॑प॑तिभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमो॒ गृत्सेभ्यो॒ गृत्स॑पतिभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमो॒ विरू॑पेभ्यो॒ विश्वरू॑पेभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमः॒ सेना॑भ्यः ॥ २५ ॥

वालोंके वा बुद्धिमानोंके पति आपके अर्थ नमस्कार, कुरूप दिगम्बर (नग्न) मुण्ड (जिनका मुंडन हुआ हो) तथा जटावाले इत्यादिकोंके अर्थ नमस्कार, विश्वरूप तुम्हारे अर्थ तथा तुरंगवदन किन्नररूप हयग्रीवादिकोंके अर्थ नमस्कार ॥ २५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे रुद्र ! सेनारूपी आपके अर्थ नमस्कार, सेनापतियोंके अर्थ नमस्कार, रथमें बैठनेवालोंके अर्थ नमस्कार, रथरहित आपके अर्थ नमस्कार, रथ चलानेवालोंके अर्थ नमस्कार अथवा रथके

नमः सेनाभ्यः ॥ सेनानिभ्यश्च वो नमो नमो रथिभ्योऽअरथे
भ्यश्च वो नमो नमः क्षत्तृभ्यः संगृहीतृभ्यश्च वो नमो नमो मह
द्भ्योऽअर्भकेभ्यश्च वो नमः ॥ २६ ॥

अधिपतिके अर्थ नमस्कार, सारथीरूप तुम्हारे अर्थ नमस्कार, बडी जातिवाले अर्थात् विद्याधरादिकोंसे श्रेष्ठके अर्थ नमस्कार, अर्भक (बालक) रूप आपके अर्थ नमस्कार ॥ २६ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शिल्प जातिवालोंके अर्थ नमस्कार, रथकार,(बढईरूप) रुद्रके अर्थ नमस्कार, कुम्भकार (कुम्हार)के अर्थ नमस्कार, लोहकार (लुहार) रूपियोंके अर्थ नमस्कार, निषादजातिरूप रुद्रके अर्थ नमस्कार, पक्षियोंके समूहका नाश करनेवाले तुम्हारे अर्थ नमस्कार तथा गलेमें रस्सी बांध कुत्तोंको ले चलनेवा-

नमुस्तक्षंभ्यः ॥ नमुस्तक्षंभ्योरथकारेभ्यंश्चवोनमोनमुःकुलांलेभ्यः कुम्मारेंभ्यश्चवोनमोनमोंनिषादेभ्यंः पुञ्जिष्टेंभ्यश्चवोनमोनमंः श्वनिभ्योंमृगयुभ्यंश्चवोनमोनमुःश्वभ्यंः ॥ २७ ॥

लोंके निमित्त नमस्कार, श्वानोंके गलेमें रस्सी डालनेवाले गणोंके लिये नमस्कार, मृगलोभ करनेवाले तुम्हारे अर्थ नमस्कार, रूपोंके लिये नमस्कार ॥ २७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कुत्तेरूपियोंके अर्थ नमस्कार, कुत्तोंके पति तुम्हारे अर्थ नमस्कार, भव (संसार) रूपके अर्थ नमस्कार, हे रुद्र! दुःखके दूर करनेवाले आपके अर्थ नमस्कार, शिवके अर्थ नमस्कार, पशुपति[१] अर्थात् पशुओंको पालनेवालोंके अर्थ नमस्कार, हे रुद्र! महाहलाहल पान करनेसे नीली गर्दनवाले आपके नीलग्रीवरूपके

नमः॒ श्वभ्यः॑ ॥ श्वप॑तिभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमो॑ भ॒वाय॑ च रु॒द्राय॑ च॒
नमः॑ श॒र्वाय॑ च पशु॒पत॑ये च॒ नमो॒ नील॑ग्रीवाय च शिति॒कण्ठा॑य
च॒ नमः॑ कप॒र्द्दिने॑ ॥ २८ ॥

अर्थ नमस्कार तथा शितिकंठरूपके अर्थ नमस्कार तथा शिरके ऊपर जटाजूट धारण करनेवाले आपके अर्थ नमस्कार ॥ २८ ॥

१ इनके ज्ञानके सामने प्राणि आदिक सम्पूर्ण पशुओंकी सदृश हैं इसलिये इनका नाम पशुपति है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जटाजूटधारीके अर्थ नमस्कार, मुंडे हुए बालोंवालेके अर्थ नमस्कार, हजार नेत्रवाले इन्द्ररूपके अर्थ नमस्कार, सैकडों धनुष धारण करनेवालोंके अर्थ नमस्कार, कैलासपर्वतके ऊपर शयन करनेवालोंके अर्थ नमस्कार, सम्पूर्ण प्राणियोंके अन्तर्यामीके लिये नमस्कार, अत्यन्तकरके सेचन

नमः॑कप॒र्दिने॑ ॥ च॒व्यु॑प्तकेशायच॒नमः॑सहस्रा॒क्षाय॑चश॒तध॑
न्वनेच॒ नमो॑गिरिश॒याय॑च शिपिवि॒ष्टाय॑च॒नमो॑मी॒ढुष्ट॑माय॒चे
षु॑मतेच॒नमो॑ह्र॒स्वाय॑ ॥ २९ ॥

करनेवाले मेघरूपके अर्थ नमस्कार, बाण धारण करनेवालोंके अर्थ नमस्कार, सूक्ष्मशरीरवालोंके अर्थ नमस्कार ॥ २९ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अल्पदेहवालोंके अर्थ नमस्कार, वामनरूप (जिसके सारे शरीरके अवयव सुकडकर थोडेहीमें आ जांय ऐसे) के अर्थ नमस्कार, बृहत्कायवालेके अर्थ नमस्कार, अत्यन्तही वृद्धावस्थावालेके अर्थ नमस्कार, बहुत आयुवालोंके अर्थ नमस्कार, विद्याविनयादिगुणसम्पन्न पण्डितोंके साथियोंके अर्थ नमस्कार,

नमो ह्रस्वाय॑ ॥ च वामनाय॑ च॒ नमो॑ बृह॒ते च॒ वर्षी॑यसे च॒ नमो॑ वृ॒द्धा
यं॑ च स॒वृधे॑ च॒ नमोऽग्र्या॑य च प्रथ॒माय॑ च॒ नम॑ऽआ॒शवे॑ ॥ ३० ॥ नम॑
ऽआ॒शवे॑ ॥ चाजि॒राय॑ च॒ नम॒ः शीघ्र्या॑य च॒ शीभ्या॑य च॒ नम॒ ऽऊ
र्म्या॑य चावस्व॒न्या॑य च॒ नमो॑ नादे॒याय॑ च द्वी॒प्या॑य च ॥ ३१ ॥

जगत्के आदि भूतके अर्थ नमस्कार, सबमें मुख्यके अर्थ नमस्कार, जगद्व्यापीके अर्थ नमस्कार ॥ ३० ॥ जगत्में व्यापक रुद्रके अर्थ नमस्कार, वेगसे चलनेवालेके अर्थ नमस्कार, वेगवाली सम्पूर्ण

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

वस्तुओंमें व्याप्तके अर्थ नमस्कार, आत्मश्लाघी जलरूपके अर्थ नमस्कार, जलकी तरंगोंमें व्याप्तके अर्थ नमस्कार, स्थिरजलरूपके अर्थ नमस्कार, नदियोंमें होनेवालेके अर्थ नमस्कार, द्वीपमें होनेवालेके लिये नमस्कार ॥ ३१ ॥ अत्यन्त प्रशंसा करनेयोग्यके अर्थ नमस्कार, अल्पके निमित्त नमस्कार, तरुणके अर्थ नमस्कार, जगत्की आदिमें हिरण्यगर्भरूपसे प्रादुर्भूत हुएके अर्थ नमस्कार, प्रलयके

नमो॒ ज्ज्ये॒ष्ठाय॑ ॥ च कनि॒ष्ठाय॑ च॒ नमः॑ पूर्व॒जाय॑ चापर॒जाय॑ च॒ नमो॑ मध्य॒माय॑ चापग॒ल्भाय॑ च॒ नमो॑ जघ॒न्या॑य च॒ बुध्न्या॑य च॒ नमः॑ सो॒भ्या॑य ॥ ३२ ॥

समय कालाग्निकी सदृश रूप धारण करनेवालेके अर्थ नमस्कार तथा सृष्टिके मध्यमें तिर्यग्आदि रूपसे उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार, व्युत्पत्तिशून्यके अर्थ नमस्कार, जघनप्रदेशमें उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार, वृक्षादिकोंकी जडमें उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार तथा गन्धर्वलोकमें

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार ॥ ३२ ॥ पुण्य और पापोंसे युक्त मनुष्यलोकमें उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार, विवाहके समय होनेवाले हस्तसूत्रमें उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार तथा पापियोंको नरककी वेदना देनेवालेके अर्थ नमस्कार, कुशलमें उत्पन्न होनेवालेके लिये नमस्कार, वेदके मंत्र या

नमः सोभ्याय ॥ च प्रतिसर्याय च नमो याम्याय च क्षेम्या
य च नमः श्लोक्याय चावसान्याय च नमऽउर्वर्याय च खल्या
य च नमो वन्याय ॥ ३३ ॥

यशद्वारा उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, वेदान्तमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, सर्व सस्यसम्पन्न पृथ्वीमें धान्यरूपके अर्थ नमस्कार, धान्यविवेचन देशविशेषमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, वनके विषैं वृक्षादिरूपसे उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार ॥ ३३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

काननोंमें द्रुमादि होकर उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, घास अथवा लतावेलियोंमें उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार, शब्दस्वरूपके अर्थ नमस्कार, प्रतिशब्द (जिस प्रकार कूपादिकोंमें शब्द करनेसे दूसरा शब्द निकलता है उसको प्रतिशब्द कहते हैं) स्वरूपवालेके अर्थ नमस्कार, शीघ्रगामी सेनावालेके अर्थ

नमो॒ वन्या॑य॒ च॒ कक्ष्या॑य च॒ नमः॑ श्र॒वाय॑ च प्रति॒श्र॒वाय॑ च॒ नम॑ऽआ॒शुषे॑णाय चा॒शुर॑थाय च॒ नमः॒ शूरा॑य चावभे॒दिने॑ च॒ नमो॑ बि॒ल्मिने॑ ॥ ३४ ॥

नमस्कार, शीघ्र चलनेवाला है रथ जिसका ऐसेके अर्थ नमस्कार, युद्धमें शूरता दिखानेवालेके अर्थ नमस्कार, शत्रुओंको विदीर्ण करनेवालेके अर्थ नमस्कार ॥ ३४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शिरस्त्राणवालेके अर्थ नमस्कार, कवच (बख्तर) धारण करनेवालेके अर्थ नमस्कार तथा लोहका कवच धारण करनेवालेके अर्थ नमस्कार, सेनाधिपके अर्थ नमस्कार, संसारमें प्रसिद्धके अर्थ नमस्कार,

नमो॑ बि॒ल्मिने॑ च कव॒चिने॑ च॒ नमो॑ व॒र्म्मिणे॑ च वरू॒थिने॑ च॒ नम॑ः श्रु॒ताय॑ च श्रुतसे॒नाय॑ च॒ नमो॑ दुन्दु॒भ्या᳖य चाहन॒न्या᳖य च॒ नमो॑ धृ॒ष्णवे॑ ॥ ३५ ॥

प्रसिद्ध सेनावालेके अर्थ नमस्कार, भेरीसे उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, जिस दण्डेसे बाजे बजाते हैं उस दण्डेसे उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, धृष्टके अर्थ नमस्कार ॥ ३५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

वाचालके अर्थ नमस्कार, विचारशीलके अर्थ नमस्कार, पंडितके अर्थ नमस्कार, तर्कस धारण करने-
वालेके अर्थ नमस्कार, भरतरी धारण करनेवालेके लिये नमस्कार, तीक्ष्ण शरवालेके अर्थ नमस्कार,

नमो॑धृ॒ष्णवे॑॥ च॒प्र॒मृ॒शाय॑च॒नमो॑निष॒ङ्गिणे॑चेषु॒धि॒मते॑च॒नम॑
स्ती॒क्ष्णेष॑वे॒चायु॒धिने॑च॒नम॑ः स्वायु॒धाय॑चसु॒धन्व॑ने च॥ ३६॥
नमः॒स्रुत्या॑य ॥ च॒पथ्या॑यच॒नमः॒काट्या॑यच॒नीप्या॑यच॒न
मः॒कुल्या॑यच॒सर॒स्या॑यच॒ नमो॑नादे॒याय॑ च वै॒शन्ताय॑च॒नमः॒
कूप्या॑य ॥ ३७ ॥ ॥३४॥

सम्पूर्ण आयुधधारीके अर्थ नमस्कार, सुन्दर धनुष-
धारीके अर्थ नमस्कार ॥ ३६ ॥ क्षुद्रमार्गमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, मैदानवाले मार्गमें उत्पन्न

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

होनेवालेके अर्थ नमस्कार, उत्कट मार्ग वा छोटी २ नदियें आदिकोंमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, जहां झरनोंका जल गिरता है उस भूप्रदेशमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, कृत्रिम नदियों (नहर) में उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, सरोवरमें उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार, सरितादिकोंमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, जलसहितके अर्थ नमस्कार, क्षुद्र सरोवरमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, कुएमें उत्पन्न हुएके

नमुः कूप्प्यां य॥ चावट्ट्याय च नमो वीद्ध्र्याय चातप्प्याय च नमो
मेग्घ्याय च विद्युत्याय च नमो वर्ष्प्याय चावर्ष्प्याय च नमो वा
त्याय॥ ३८॥ अर्थ नमस्कार ॥३७॥ कूपमें उत्पन्न होनेवालेके अर्थ नमस्कार, गड्ढेमें उत्पन्न

होनेवालेके अर्थ नमस्कार, निर्मल शरदऋतुके नव नीरदोंमें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार, धूपके विषैं उत्पन्न होनेवालेको नमस्कार, मेघमें होनेवालके लिये नमस्कार, बिजलीके विषैं उत्पन्न होनेवालेके अर्थ

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नमस्कार, वर्षाके समय जातके अर्थ नमस्कार, वर्षारहित दिन (घटाटोप) में उत्पन्न होनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, पवनमें उत्पन्न हुएके लिये नमस्कार ॥ ३८ ॥ तथा वायुके चलनेके समय (आंधी) में उत्पन्न होनेवालेके निमित्त नमस्कार, प्रलयकालमेंभी रहनेवालेके अर्थ नमस्कार, गृहभूमिके विषें पैदा हुएके

नमो॒ वात्या॑य ॥ चु॒ रेष्म्या॑य चु॒ नमो॑ वास्तु॒व्या॒य च वा॒स्तुपा॑य चु॒ नम॒ः सोमा॑य च रु॒द्रा॑य च॒ नम॑स्ताम्रा॒य॑ चारु॒णाय॑ च॒ नम॑ः शु॒ङ्गवे॑ ॥ ३९ ॥

लिये नमस्कार, गृहभूमिकी रक्षा करनेवालेके लिये नमस्कार, उमाके साथ वर्त्तमान सोमके अर्थ नमस्कार, सारे दुःखोंको नाश करनेवालेके अर्थ नमस्कार, रक्तादिक रूपवालेके अर्थ नमस्कार, थोडे लाल (गुलाबी) तथा अरुणकी सदृश प्रकाशवाले लालरूपवालेके अर्थ नमस्कार और सुखको प्राप्त

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

करानेवालेके अर्थ नमस्कार ॥ ३९ ॥ तथा सुखको प्राप्त करनेवाली वेदरूप वाणियें जिसकी ऐसे रुद्रदेवके अर्थ नमस्कार, पशुपति अर्थात् प्राणियोंका पालन करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, अरिकुलके विनाशार्थ तीक्ष्ण आयुधकी सदृश रुद्रके लिये नमस्कार, भयानक अर्थात् शत्रुओंके लिये भय

नमः॑ शुङ्गवे॑ ॥ च पशुपत॑ये च॒ नमः॑ऽउ॒ग्राय॑ च भी॒माय॑ च॒ नमो॑ऽग्रेव॒धाय॑ च दूरेव॒धाय॑ च॒ नमो॑ ह॒न्त्रे च॒ हनी॑यसे च॒ नमो॑ वृ॒क्षेभ्यो॒ हरि॑केशेभ्यो॒ नमः॑ स्ता॒राय॑ ॥ ४० ॥

उपजानेवालेके अर्थ नमस्कार, अपने अगाडी स्थितों (शत्रुओं) को मारनेवालेके अर्थ नमस्कार, किसी प्रकार दूरमें स्थितको मारनेवालेके अर्थ नमस्कार तथा साधारण मारनेवालेके अर्थ नमस्कार, लोकके विषैं मारनेवाले रुद्ररूपके अर्थ नमस्कार, प्रलयकालमें अतिशय करके सबको मारता है जो

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रुद्र तिसके अर्थ नमस्कार, हरिद्वर्णवाले केशपत्रोंकरके युक्त (कल्पवृक्षादिकरूप) वृक्षोंके अर्थ नमस्कार, संसारसागरसे तारनेवालेके अर्थ नमस्कार ॥ ४० ॥ सुखरूप अथवा कल्याणस्वरूप और संसारस्वरूप अर्थात् भुक्ति तथा मुक्तिस्वरूप रुद्रके अर्थ नमस्कार तथा संसारका सुख देनेवाले

नमः॑ शम्भुवाय॑ ॥ च मयोभुवाय॑ च नमः॑ शंकराय॑ च म
यस्कराय॑ च नमः॑ शिवाय॑ च शिवत॑राय च ॥ ४१ ॥

रुद्रके अर्थ नमस्कार, सांसारिक सुखकर्त्ताके अर्थ नमस्कार तथा मोक्षका सुख देनेवाले रुद्रके निमित्त नमस्कार, पापरहित वा कल्याणमय मूर्तिवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, अपने भक्तजनोंकोभी पापरहित करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार ॥ ४१ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इस संसारसागरके पर्ले किनारेपर उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, संसारसागरके बीचमें नद्यादिरूपसे हुएके अर्थ नमस्कार, जप तथा मंत्रादिद्वारा पापका नाश करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, उत्कृष्ट तत्त्वज्ञानके द्वारा संसारके तरनेका कारण रुद्रके अर्थ नमस्कार, प्रयागराज पुष्कर इत्यादिक पवित्र ती-

नमः॒ पा॒र्याय॑ ॥ चावा॒र्या॒यच॒ नमः॑ प्र॒तर॑णायच॒ोत्तर॑णायच॒ नम॒स्तीर्थ्या॑यच॒ कूल्या॑य च॒ नमः॒ शष्प्या॑यच॒ फेन्या॑यच॒ नमः॑ सिक॒त्या॑य ॥ ४२ ॥

र्थोंमें उत्पन्न हुए रुद्रभगवान्के अर्थ नमस्कार, वापी वा तटमें हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, बालतृण (सुन्दर २ हरी घास) में उत्पन्न होनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, फेन (जलके बुद्बुदादि) में उत्पन्न होनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, वालुकामें उत्पन्न हुएके अर्थ नमस्कार ॥ ४२ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रेतीमें उत्पन्न होनेवाले रुद्रदेवके अर्थ नमस्कार, नद्यादिकोंके प्रवाहमें जातके अर्थ नमस्कार, जहांके विषय छोटी २ पाषाणोंकी शिला तथा रेता होता है ऐसी भूमिमें उत्पन्न रुद्रके अर्थ नमस्कार, स्थिर जलप्रदेश (जहां बरफ बहुत पडता है तिस) में उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, जटाजूटवाले रुद्रके

नमः॑ सिक॒त्त्या॑य ॥ च॒ प्र॒वा॒ह्या॑य च॒ नमः॑ किꣳशि॒ला॑य च॒ क्षय॒णाय॑ च॒ नमः॑ कप॒र्दिने॑ च पुल॒स्तये॑ च॒ नमः॑ऽइरि॒ण्या॑य च प्र॒प॒थ्या॑य च॒ नमो॑ व्र॒ज्ज्या॑य ॥ ४३ ॥

अर्थ नमस्कार, शरीरमें स्थित सत्तावाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, फलने फूलनेवाली पृथ्वी वा देशमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, बहुतसे मार्गमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, गौओंके बंधनस्थानमें उत्पन्न हुए रुद्रदेवके अर्थ नमस्कार ॥ ४३ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

गोसमुदायमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, गौओंके चारेमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, शय्या (सेज) में हुएके अर्थ नमस्कार, गृहोत्पन्न अर्थात् घरमें हुएके अर्थ नमस्कार, हृदयमें उत्पन्न हुए जीवस्वरूप रुद्रके अर्थ नमस्कार, पलकका लगना वा जलका घूमना अथवा बरफ आदिकोंके

नमोव्व्रज्ज्याय ॥ चगोष्ठ्यायचनमस्तल्प्यायचगेह्यायचन
मोहृदय्यायचनिवेष्प्यायचनमःकाट्यायचगह्वरेष्ठायचन
मःशुष्क्याय ॥ ४४ ॥

विषयमें पैदा हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, बडे भारी गह्वर वनमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, गह्वर (पर्वतादिकोंकी गुफा) में खडे हुए रुद्रके लिये नमस्कार, सूखी वस्तुओंमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार ॥ ४४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सूखे हुए काष्ठादिकोंमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, गीले काष्ठादिकोंमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, धूलिमें हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, परागमें उत्पन्न हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, जहां जानेकी गति नहीं है ऐसे प्रदेशमें उत्पन्न हुए रुद्रके लिये नमस्कार, बल्वादिक तृणविशेषमें हुए रुद्रके अर्थ

नमः॒ शुष्क्या॑य ॥ च॒ह॒रि॒त्या॑य च॒ नमः॑ पा॒ᳬसु॒व्या॑य च रज॒स्या॑य च॒ नमो॒ लो॒प्या॑य चोल॒प्या॑य च॒ नमः॒ऽऊर्व्या॑य च॒ सू॒र्व्या॑य च॒ नमः॑ पु॒र्णा॑य ॥ ४५ ॥

नमस्कार, वडवानल (जलकी अग्नि) में उत्पन्न रुद्रके अर्थ नमस्कार, कल्पाग्निमें हुए रुद्रके अर्थ नमस्कार, वृक्षोंके पत्ररूपवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार ॥ ४५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

द्रुमोंके पर्णरूपके अर्थ नमस्कार, जीर्ण पत्ते गिरनेवाले भूप्रदेशके अर्थ नमस्कार, उद्योग करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, अरिकुलके घालकके अर्थ नमस्कार, भक्तिरहित जनोंको सब ओरसे दीनताको देनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, पापियोंके अर्थ अतिशय करके दैन्य करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार,

नमः पर्णाय ॥ चपर्णशदायचनमऽउद्गुरमाणायचाभिघ्नतेच
नमऽआखिदतेचप्रखिदतेचनमऽइषुकृद्भ्योधनुष्कृद्भ्यश्च
वोनमोनमोवःकिरिकेभ्योदेवानाᳯंहृदयेभ्यो नमोविचि
न्वत्केभ्योनमोविक्षिणत्केभ्योनमऽआनिर्हतेभ्यः ॥ ४६ ॥

बाणोंको करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार । हे रुद्र ! धनुषके करनेवाले तुम्हारे अर्थ नमस्कार, वृष्टयादिकके द्वारा जगत्को करनेवाले रुद्रके अर्थ नमस्कार, धर्मात्मा तथा पापियोंको जुदे जुदे

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

करनेवाले अग्नि आदिकोंके अर्थ नमस्कार पापके लिये अनेक हिंसा करनेवाले अग्निआदिकोंके अर्थ नमस्कार, सब प्रकारकरके सृष्टिसे पृथक् रुद्रावतार अग्नि, वायु, सूर्यके अर्थ नमस्कार ॥ ४६ ॥ हे पापियोंको दुर्गति प्राप्त करानेवाले ! हे सोमके पति, हे स्त्रीरहित दरिद्रकी सदृश अर्थात् अद्वितीय, हे नीललोहित अर्थात् विषपान करनेसे नील कंठवाले अन्यत्र गौरवर्णवाले, हे शिव अर्थात् कल्याणस्व-

द्रापेऽअन्धसस्पतेदरिद्रनीललोहित ॥ आसाम्प्रजानामेषा

म्पशूनाम्माभेर्म्मारोङ्मोचनः किञ्चनाममत् ॥ ४७ ॥

रूप तुम हमारी उन प्रजाओंको तथा गौआदिक पशुओंको मत मारो अर्थात् रक्षा करो ! और भी हमारे प्रजा पशु (घोडे, ऊंट) आदिकोंका नाश मत करो । तथा हमारे सभी द्विपद (मनुष्यादिक, बैल, बकरी आदिक) सबोंका आरोग्य करो ॥ ४७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बडे अथवा बलवान् तथा जटाजूटको धारण करनेवाले शूरमाओंके सहित वा जिससे शत्रु नष्ट हो जाते हैं ऐसे रुद्रके अर्थ हम अपने बुद्धिको अर्पण करते हैं। जिस प्रकारसे कि पुत्र अथवा पशुओंके लिये तथा द्विपद और चतुष्पदोंमें सुख हुआ और जैसे इस ग्रामादिमें रहनेवाले सम्पूर्ण

इमारुद्रायं॥ तवसेंकपर्द्दिनेंक्षयद्वीरायप्रभंरामहेमतीः॥ यथा शमसंद्विपदेचतुंष्पदेविश्वंपुष्टंग्रामेंऽअस्मिन्ननातुरम् ॥ ॥ ४८ ॥ यातें रुद्रशिवातनूः शिवाविश्वाहांभेषजी॥ शिवारुतस्यंभेषजीतयांनोमृडजीवसें॥ ४९ ॥

मनुष्य सम्पत्तियुक्त और निरुपद्रव हुए हैं इसी प्रकार रुद्रके अर्थ हम अपनी मतिको अर्पण करते हैं ॥ ४८ ॥ हे रुद्र ! आपका यह कल्याणस्वरूप (व्रणादिरहित) जो शरीर है तिस देहसे हमारे जीव-

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नको सुखी करो कैसा वह शरीर है कि पापरहित और नित्यप्रति कल्याणकारी भेषज (दवा) स्वरूप तथा देहकी व्याधिका नाश करनेवाली अर्थात् सबके शरीरको हृष्ट पुष्ट करनेवाला शरीर है॥ ४९॥ रुद्रदेवके आयुध (हथियार) हमारी रक्षा करो तथा रुद्रभगवान्‌की द्रोहमिश्रित मति

परि॑णो रु॒द्रस्य॑ हे॒तिर्वृ॑णक्तु॒ परि॑ त्वे॒षस्य॑ दु॒र्म॒तिर॑घा॒योः ॥ अव॑ स्थि॒रा म॒घव॑द्भ्यस्तनुष्व॒ मीढ्व॑स्तो॒काय॒ तन॑याय मृड ॥ ५० ॥

हमारा त्याग न करो। हे कामोंकी वर्षा करनेवाले रुद्र! आप (हमारे प्रति) अपने दृढ कोदण्डको प्रत्यंचारहित करो क्योंकि होमकी सामग्रीरूप धनवाले यजमानोंका भय दूर होगा और पुत्रपौत्रादि-कोंको सुखी करो॥ ५०॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे अत्यन्त कामनाके दाता ! हे अनन्त कल्याणोंके करनेवाले रुद्र ! आप हमारे लिये शान्तस्वभाव और प्रसन्नचित्त हूजिये और कहीं दूर प्रदेशमें अपने त्रिशूलादिक आयुधोंको स्थापित करके तथा वर्म-कोभी दूर रखकर शोभाके कारण प्रत्यंचाशून्य धनुषको धारण कर आप हमारे निकट पधारिये ॥५१॥

मीढुंष्टमशिवंतम ॥ शिवोनंः सुमनांभव ॥ पुरमेवृक्षऽआयुंध न्निधायकृत्तिंवसांनुऽआचंरपिनांकम्बिब्भ्रदागंहि॥ ५१ ॥ विकिंरिद्रविलोंहितनमंस्तेऽअस्तुभगवः ॥ यास्तेंसुहस्रंठंहेतयोन्यमुस्स्मान्निवंपन्तुताः॥ ५२ ॥

हे उपद्रवोंके नाश करनेवाले ! हे निष्पाप ! हे शुद्धस्वरूप रुद्र ! आपके अर्थ नमस्कार है । हे भगवन् ! आपके संख्यारहित अस्त्र शस्त्र हमसे अन्य (हमारे शत्रु) को मारे । हमारी यह आपसे प्रार्थना है ॥५२॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे रुद्र ! आपके हाथके जो यह असंख्य आयुध हैं सो इन आयुधोंके मुख (अग्रभाग, फल) को हमसे तुम दूर रखो । हे त्रिशूलादिके धारण करनेवाले रुद्र ! यह हम प्रार्थना करते हैं ॥ ५३ ॥ जे रुद्र भूप्रदेशमें

सहस्राणि सहस्रशो बाह्वोस्तव हेतयः ॥ तासामीशानो भगवः पराचीना मुखा कृधि ॥ ५३ ॥ असंख्याता सहस्राणि ॥ ये रुद्रा ऽ अधि भूम्याम् ॥ तेषां ँ सहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ॥ ५४ ॥

स्थित हैं उनके धनुषको सहस्रों योजन[1] व्यवहित मार्गमें प्रतारते अर्थात् प्रत्यञ्चारहित कर अपनेसे दूर फेंकते हैं ॥ ५४ ॥

[1] चार कोसका एक योजन होता है ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जे रुद्र अन्तरिक्षमें स्थित हैं तिनके धनुषोंकोभी पहलीही तरह जलसे परिपूर्ण अन्तरिक्षमें ज्याशून्य करके हम रखते हैं ॥ ५५ ॥ विषपान करनेसे कहीं कहीं जिनकी ग्रीवा नीली और श्वेत है ऐसे द्युलो-

अस्मिन्न्महत्त्यर्णवेन्तरिक्षेभवाऽअधि ॥ तेषांᳬसहस्रयोजनेव धन्न्वानितन्न्मसि ॥ ५५ ॥ नीलंग्ग्रीवाः शितिकण्ठादिवंᳬरुद्द्राऽउपश्श्रिताः ॥ तेषांᳬसहस्रयोजनेवधन्न्वानितन्न्मसि ॥ ५६ ॥ नीलंग्ग्रीवाः शितिकण्ठाः शर्व्वाऽअधः क्षमाचराः ॥ तेषांᳬस हस्रयोजनेवधन्न्वानितन्न्मसि ॥ ५७ ॥

कमें स्थित रुद्रोंके धनुषोंकोभी प्रत्यंचारहित करके सहस्र योजनके मार्गमें हम धारण करते हैं ॥ ५६ ॥ और जे रुद्र पातालमें स्थित हैं उनके धनुषोंकोभी पहली तरहसे ज्यारहित करके हम स्थापित करते

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हैं ॥ ५७ ॥ जे रुद्र बालतृणकी सदृश हरिद्वर्णवाले और नीली ग्रीवायुक्त रुधिरसे वार्जित तेजमय शरीरवाले (पवित्र पीपल आदि) वृक्षोंमें स्थित हैं तिनके धनुषोंकोभी पूर्ववत् ज्यारहित करके हम स्थापित

येवृक्षेषुं शुष्पिञ्जंरानीलंग्ग्रीवाविलोंहिताः ॥ तेषांᳲसहस्रयोजुनेवुधन्न्वांनितन्न्मासि ॥ ५८ ॥ येभूतानामधिंपतयोविशिखासंःकपुर्दिनंः ॥ तेषांᳲसहस्रयोजुनेवुधन्न्वांनितन्न्मासि ॥ ५९ ॥

करते हैं ॥ ५८ ॥ भूत (प्राणी) अथवा (देवजातिविशेष) के स्वामी जो कि मुण्डन शिरवाले हैं और कुछ जटाओंके धारण करनेवाले हैं तिन रुद्रोंके धनुषोंकोभी पहलेही प्रकारसे हम धारण करते हैं॥५९॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जे वैदिक तथा लौकिक मार्गोंके पति तथा औरभी मार्गोंकी रक्षा करनेवाले, अन्न वा भूको धारण करनेवाले, जीवमात्र युद्ध करनेवाले रुद्रोंकेभी पूर्वकी सदृश हम धारण करते हैं ॥ ६० ॥ खड्ग और आयु-

येपृथाम्पंथिरक्षंयऽऐलवृदाऽआंयुर्युधंः ॥तेषांॅंस
हस्रयोजनेवधन्वांनितन्मासि ॥६०॥ येतीर्थानिंप्र
चरंन्तिसृकाहंस्तानिषङ्गिणंः ॥ तेषांॅंसहस्रयोजने
वधन्वांनितन्मासि ॥ ६१ ॥

धोंको धारण करनेवाले जे रुद्र (प्रयागराज गणमुक्तीश्वर पुष्कर आदि) पवित्र तीर्थोंमें विचरते हैं तिन रुद्रोंके धनुषोंकोभी सहस्रों योजनमें ज्यारहित करके धरते हैं ॥ ६१ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे रुद्र ! खाये हुए अन्नोंमें स्थिति हो करके प्राणियोंको विशेष करके व्यथित करते हैं अर्थात् वीर्यादि-कोंमें विकारको लाकर अनेक २ रोगादिकोंकी उत्पत्ति करते हैं, और जे रुद्र पात्रों (बर्त्तनों) में स्थित होकर पात्रवर्ती दूध जलके द्वारा प्राणियोंको मारते हैं तथा अन्न जलके खाने पीनेवाळोंको पीडा देनेके

येऽन्नेषु व्विविद्ध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान् ॥ तेषांᳬ सहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ॥ ६२ ॥ यऽएतावन्तश्च भूयांᳬसश्च दिशो रुद्रा व्वितस्थिरे ॥ तेषांᳬ सहस्रयोजनेव धन्वानि तन्मसि ॥ ६३ ॥

अधिकारी हैं तिन रुद्रोंकेभी धनुषोंको पहलेकी नाईं हम ज्याशून्य करते हैं॥६२॥ जिन रुद्रदेवके पूर्वोक्त प्रमाण हैं वे रुद्र तथा अत्यन्त हो बहुत कहे हुओंसेभी विशेष जे रुद्र हैं और दशों दिशाओंमें व्याप्त जे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

रुद्र हैं, तिन रुद्रोंकेभी कोदण्डोंको पहलेही सदृश प्रत्यंचाविहीन करके धरते हैं ॥ ६३ ॥ जिन रुद्रगणोंकी बाणवृष्टि आयुधसदृश है तिन रुद्रोंके अर्थ नमस्कार हो जो द्युलोकमें रहनेवाले हैं तिन्ही रुद्रोंके अर्थ पूर्वकी ओर दश अंगुली करता हूं अर्थात् हाथ जोडता हूं। दक्षिणकी ओर दशों अंगुली करता हूं

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो येदिवि येषांवर्षमिषवः ॥ तेभ्योदशप्प्राचीर्दशंदक्षिणादशंप्प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्द्ध्वाः ॥ तेभ्योनमोऽअस्तुतेनोवन्तु तेनोमृडयन्तुतेयन्द्विष्मोयश्चनोद्वेष्टितमेषाञ्जम्भेदध्मः ॥ ६४ ॥

पश्चिम और उत्तरकी ओरभी उसी प्रकार दोनों हाथ जोडकर प्रणाम करता हूं ऊपरकी ओर अंजलि बांधकर प्रणाम करता हूं उन रुद्रोंके निमित्त अंजलीपूर्वक नमस्कार करता हूं। वे रुद्र हमारी रक्षा करें

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और हमें सुख दें। जिनसे हम वैर करते हैं तथा जो पुरुष हमसे वैर करते हैं उन पुरुषोंको हम पूर्वोक्त रुद्रोंके तीक्ष्ण दंष्ट्रावाले मुखोंमें स्थापन करते हैं। वे रुद्र हमारे संपूर्ण शत्रुओंका विनाश करें ॥ ६४ ॥ जो अंतरिक्षमें रहनेवाले रुद्र हैं उनको हमारा नमस्कार है। जो रुद्र दुष्ट पवनसे अन्नको बिगाडकर वात-

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो येऽन्तरिक्षे येषां वात इषवः ॥ तेभ्यो दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्ध्वाः ॥ तेभ्यो नमो अस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ ६५ ॥

रोग उत्पन्न करके प्राणियोंको मारते हैं अन्तरिक्षमें रहनेवाले उन वातरूप रुद्रोंको नमस्कार है। पूर्वकी ओर अंजली बांधकर प्रणाम करते हैं ॥ ६५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

जो पृथ्वीमें रहनेवाले रुद्र हैं जिनका आयुध अन्न है अर्थात् कुत्सित अन्नके भक्षणसे रोगादि उत्पन्न कर जनोंको मारते हैं भूमिमें रहनेवाले उन रुद्रोंको नमस्कार है। वे हमारी रक्षा करें हम उनको पूर्वकी ओर

नमोऽस्तुरुद्रेभ्योयेपृथिव्यांयेषामन्नमिषवः ॥ तेभ्योदश प्राचीर्दशदक्षिणादशप्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोर्द्ध्वाः ॥ तेभ्यो नमोऽअस्तुतेनोवन्तुतेनोमृडयन्तुतेयन्द्विष्मोयश्चनोद्वेष्टि त मेषाञ्जम्भेदध्मः ॥ ६६ ॥ इति रुद्रे पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

हाथ जोड़के नमस्कार करते हैं। इत्यादि पूर्ववत् ॥ ६६ ॥ इति श्रीव्रजरत्नभट्टाचार्यकृतषडंगरुद्राष्टाध्यायीभाषाटीकायां पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे परमात्मन् ! पुत्रपौत्रादिसे सम्पन्न हम यजमान यज्ञ और व्रतोंमें आपके स्वरूपोंमें चित्तको लगाके आपका सेवन करें अथवा आपसे संबन्ध रखनेवाले हों ॥ १ ॥ हे पापियोंको रुलानेवाले रुद्र ! अम्बिका प्रकृतिनामक बहनके साथ हमारा दिया हुआ यह पुरोडाश आपका भाग है, इसको सेवन करो । श्रेष्ठ

हरिः ॐ व्वयꣳसोमव्व्रतेतवमनस्तनूषुबिब्भ्रतः ॥ प्रजावन्तꣳस
चेमहि ॥ १ ॥ एषते रुद्रभागःसहस्वस्राम्बिकयातञ्जुषस्व
स्वाहैषतेरुद्रभागऽआखुस्तेपशुः ॥ २ ॥

होम हो । हे रुद्र ! हमसे उपकीर्ण किया हुआ यह पुरोडाश आपका भाग है, धन होनेपरभी जो न खाय न दे न होम करे वह कृपण पुरुष तुम्हारा पशु है ॥ २ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हे शत्रुओंके रुलानेवाले तीन लोकके पिता त्रिनेत्र शिव ! जो कि सर्गादिसे क्रीडा करनेवाले जयशील श्रेष्ठ स्तोत्रोंसे स्तुति करे हुए हैं, उनको शास्त्रद्वारा जानकर हृदयमें स्थापन करें जैसे वह हमको अपने ज्ञानमें वसनेहारा करें, जैसे हमको भक्तोंमें श्रेष्ठ करें, जैसे हमको सिद्धान्तोंसे युक्त करें ॥ ३ ॥ हे पशुपति

अवंरुद्रमंदीमह्यवंदेवन्त्र्यंम्बकम् ॥ यथांनोवस्यंसस्करद्यथां
नः॑श्रेयंसस्करद्यथांनोव्यवसाययांत् ॥ ३ ॥ भेषजमंसि
भेषजङ्गवेऽश्वांयपुरुंषायभेषजम् ॥ सुखम्मेषायंमेष्यै ॥ ४ ॥

शङ्कर ! तुम धेनुसमूहके निमित्त औषधीकी समान सब उपद्रवोंके शान्त करनेवाले हो, पशुसमूहोंके निमित्त औषधीकी समान सब उपद्रवोंके शान्त करनेवाले हो, हमारे पुरुषसमूहोंके निमित्त औषधीकी समान सब कष्ट दूर करनेवाले हो, आप हमारे मैंढे और भेड़ोंके निमित्त सुखकारक हो ॥ ४ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

संसारकी पारमार्थिक पुष्टिके बढानेवाले, पुरुषोंकी प्रार्थना परमेश्वरसे त्रिनेत्र वा अकार उकार मकारस्वरूप वा पृथ्वी अन्तरिक्ष स्वर्गस्थानवाले शङ्करका हम ध्यान पूजन करते हैं । हे शिव ! हमें आप मृत्यु वा संसारके आवागमनसे छुडाओ जैसे सुगन्धित पके हुए उर्वारुक नाम फलको उसके

त्र्यंम्बकंयजामहेसुगन्धिम्पुंष्टिवर्द्धनम् ॥ उर्व्वारुकमिवबन्धं नान्मृत्योर्म्मुक्षीयमामृतात् ॥ त्र्यंम्बकंयजामहेसुगन्धिम्पं तिवेदनम् ॥ उर्व्वारुकमिवबन्धंनादितोमुक्षीयमामुतः ॥ ५ ॥

डंठलेसे क्रम निर्वाण नाम मोक्षसे हमको मत छुडाओ (कुमारियें प्रार्थना करती हैं) भर्त्ता (पति)के प्राप्त करानेवाले त्रिलोकीके पति त्रिलोचन महादेवका हम पूजन करती हैं । हे परमेश्वर ! जन्मके कारण कर्म अथवा पतिलोकसे मत छुडाओ जैसे शोभन गंधयुक्त पक्के उर्वारुक फलको उसके डंठलेसे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

छुटाते हो पतिके गृह वा पतिलोकसे हमको मत छुटाओ ॥ ५ ॥ हे शंकर ! यह शेष हवि आपका भोजन है, इसे भोग लगाकर इसी कारण हमारे शत्रुओंका निवारण करनेसे धनुष चढाये हुए वस्त्रसे ढके हुए धनुषवाले श्रेष्ठ तुम मुंजावान् पर्वतका अतिक्रमण करके जाओ हे चर्माम्बर धारण करनेवाले रुद्र !

एतत्ते रुद्रावसन्तेनंपरोमूजवतोतीहि ॥ अवततधन्वा
पिनाकावसुःकृत्तिवासाऽअहिंसन्नःशिवोतीहि ॥ ६ ॥ त्र्या
युषंजमदग्नेःकश्यपस्यत्र्यायुषम् ॥ यद्देवेषुत्र्यायुषन्तन्नोऽ
अस्तुत्र्यायुषम् ॥ ७ ॥

क्रोधरहित आनन्दस्वरूप तुम हमको न मारकर पर्वतको अतिक्रमण करके जाओ ॥ ६ ॥ जो जमदग्निमुनिकी बाल्य यौवन वृद्धावस्थाका समाहार (एकत्र होना) है, ब्रह्माजीके पौत्र कश्यप प्रजापतिकी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

तीनों अवस्थाओंका जो समाहार है, इन्द्रादिदेवताओंमें तीनों अवस्थाओंका जो समाहार है, वे आयुके तीन भाग हम यजमानोंको प्राप्त हों अर्थात् अल्पमृत्युसे रक्षा हो ॥ ७ ॥ हे क्षुराभिमानी देवता ! तुम नामसे शान्त हो, वज्र तेरा पिता है, तेरे अर्थ नमस्कार है। हमको पीडा मत दे। हे यजमान ! मैं

शिवोवोनामांसिस्वधिंतिस्तेपितानमंस्तेऽअस्तुमामांहिंर्ठसीः॥ निवंर्त्तयाम्म्यायुंषेन्नाद्यांयप्प्रजनंनायरायस्प्पोषांयसुप्प्रजा स्त्वायंसुवीर्य्यांय ॥ ८ ॥ इति रुद्रे षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

तुमको जीवनके निमित्त अन्नभक्षणके निमित्त, सन्तानोत्पत्ति, धनपुष्टि, सुन्दर सन्तान, उत्तम पराक्रमके निमित्त मुंडन करता हूं। क्षौरकर्म करानेसे मनुष्य शुद्ध होकर परमात्माके जपादिक करनेका अधिकारी होता है ॥ ८ ॥ इति षडंगरुद्रीकी भाषामें छठा अध्याय समाप्त हुआ ॥ ६ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उग्र, भीम, ध्वान्त, धुनी, सास, ह्वान, अभियुग्वा और विक्षिपनामवाले मरुतोंके लिये श्रेष्ठ होम होय ॥ १ ॥ (जबतक प्रारब्धकी समाप्ति हो तबतक शरीरको देवरूप करनेका मंत्र) आत्मा अग्निको

हरिः ॐ उग्रश्च भीमश्चध्वान्तश्चधुनिश्च ॥ सासह्वाँश्चाभियुग्वाचविक्षिपः स्वाहा ॥ १ ॥ अग्निᳬहृदयेनाशनिᳬहृदयाग्रेणपशुपतिङ्कृत्स्नहृदयेन भवंय्यक्ना ॥ शर्वम्मतस्नाभ्यामीशानम्मन्युनां महादेवमन्तः पर्शव्येनोग्रन्देवंवनिष्ठुनांवसिष्ठहनुः शिङ्गीनिकोश्याभ्याम् ॥ २ ॥

हृदयसे युक्त करता हूं, जीवको हृदयाग्रसे युक्त करता हूं, पशुपतिको सम्पूर्ण हृदयसे युक्त करता

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हूं, भवको कालखण्डसे युक्त करता हूं, शर्वको मृत्स्ना नाम हृदयसे युक्त करता हूं, ईशानदेवताको क्रोधसे युक्त करता हूं, महादेवको पार्श्वस्थसम्बन्धी मांससे युक्त करता हूं, उग्रदेवताको स्थूल आन्त्रसे युक्त करता हूं, शिङ्गिनामवाले देवताओंको हृदयकोशस्थ मांसके पिंडोंसे युक्त करता हूं अर्थात् सम्पूर्ण शरीरमें देवताओंको आविर्भाव करके स्वयं कर्त्तव्यरहित होता है॥ २ ॥ उग्रदेवताको

उग्ग्रँल्लोहितेन मित्त्रꣳ सौव्व्रत्येन रुद्द्रन्दौर्व्वत्येनेन्द्द्रम्प्प्रक्क्रीडेन मरुतो बलेन साद्ध्यान्प्प्रमुदा ॥ भवस्य कण्ठ्यꣳ रुद्द्रस्यान्तः पार्श्व्यम्महादेवस्य यकृच्छर्व्वस्य वनिष्ठुः पशुपतेः पुरीतत् ॥ ३ ॥

रुधिरसे युक्त करता हूं, मित्रदेवताको शुभगति कर्म अनुष्ठानादिकोंसे युक्त करता हूं, रुद्रदेवताको शिष्यादिक ताडनरूप कर्मानुष्ठानसे युक्त करता हूं, इन्द्रदेवको अनेक क्रीडासे युक्त करता हूं, मरुद्देवताओंको बलसे और साध्यदेवताओंको प्रसन्नतासे युक्त करता हूं, कण्ठका मांस भवदेवताका

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्थान है, पार्श्वके मध्यका मांस रुद्रका स्थान है, कालखण्ड महादेवका स्थान है, स्थूलान्त्र शर्वदेवताका स्थान है, हृदयकी आच्छादन करनेवाली आंत पशुपतिका स्थान है, यही मंत्रकवच है। अपने अपने

लोमभ्युःस्वाहा ॥ लोमभ्युःस्वाहांत्वचेस्वाहांत्वचेस्वाहा
लोहितायुस्वाहालोहितायुस्स्वाहामेदोभ्युःस्वाहामेदोभ्यु
ःस्वाहां ॥ मांसेभ्युःस्वाहांमांसेभ्युःस्वाहास्नावभ्युः
स्वाहास्नावभ्युःस्वाहास्थभ्युःस्वाहास्थभ्युःस्वाहांम
ज्जभ्युःस्वाहांमज्जभ्युःस्वाहा ॥ रेतसेस्स्वाहांपायवेस्वाहां॥४॥

स्थानोंमें स्थित देवता शरीरकी रक्षा करें॥३॥आत्मा अभोक्ता है, भोग देहके हैं,इसी कारण भोगोंके देहके अर्पण करा है, समष्टिलोमोंके निमित्त श्रेष्ठ होम हो, व्यष्टिलोमोंके निमित्त भोग प्राप्त हों। समष्टित्वंचाके

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

लिये श्रेष्ठ होम हो, व्यष्टित्वचाके लिये भोग समर्पण हों। समष्टिरुधिरके लिये श्रेष्ठ होम और व्यष्टिरुधिरके लिये भोग समर्पण हों। समष्टिमेदाके अर्थ होम हो, व्यष्टिमेदाके अर्थ श्रेष्ठ भोग प्राप्त हों। समष्टिमांसोंके निमित्त होम हो, व्यष्टिमांसोंके निमित्त भोग प्राप्त हों। समष्टिनसोंके लिये श्रेष्ठ होम हो, महा. व्यष्टिनसोंके

आयुासायुस्स्वाहां ॥ प्रायुासायुस्स्वाहांसंध्युासायुस्स्वाहां
व्रियुासायुस्वाहोंध्युासायुस्वाहां॥ शुचेस्वाहुाशोचंतुस्वाहुाशो
चंमानायुस्वाहुाशोकांयुस्वाहां ॥ ५ ॥

निमित्त भोग प्राप्त हों। समष्टिअस्थियोंके निमित्त होम हो और व्यष्टिअस्थियोंके लिये भोग समर्पण हों। समष्टिमज्जाके निमित्त होम हो, व्यष्टिमज्जाओंके निमित्त भोग प्राप्त हों। वीर्यके निमित्त होम हो, वायुइन्द्रियके निमित्त भोग समर्पण हों ॥ ४ ॥ देहपरिश्रमके निमित्त भोग प्राप्त हों, इन्द्रियपरिश्रमके

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

निमित्त भोग प्राप्त हों। मानसपरिश्रमके लिये भोग और बुद्धिपरिश्रमके लियेभी प्राप्त हों। प्राणपरिश्रम-के निमित्त भोग प्राप्त हो, शोकके निमित्त भोग प्राप्त हो, शोककारीके निमित्त भोग प्राप्त हो, शोचमा-नके लिये भोग प्राप्त हो, शोक पुरुषके लियेभी भोग प्राप्त हो ॥ ५ ॥ वर्णाश्रमके फल देनेवाले तपके

तपंसेस्स्वाहातप्प्यंतेस्स्वाहा तप्प्यंमानायस्स्वाहां तप्ताय स्वाहां घुम्र्मायस्स्वाहां ॥ निष्कृंत्त्यैस्स्वाहाप्प्रायंश्चित्त्यै स्स्वाहांभेषजायस्स्वाहां ॥ ६ ॥

निमित्त भोग समर्पण हो, तपकर्त्ताके निमित्त भोग समर्पण हो, तप्यमानके लिये भोग समर्पण हो, तप्त के निमित्त भोग समर्पण हो, व्यष्टिसमष्टिसूर्यके लिये भोग प्राप्त हो, निष्कृतिके निमित्त भोग प्राप्त हो, प्रायश्चित्तके निमित्त भोग प्राप्त हो, औषधियोंके लिये भोग समर्पण हो ॥ ६ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

यमके निमित्त श्रेष्ठ होम हो, भोग प्राप्त हो, अनन्तके लिये भोग प्राप्त हो, मृत्युके लिये भोग प्राप्त हो, विराट्पुरुषनके निमित्त भोग प्राप्त हो, ब्रह्मके निमित्त भोग प्राप्त हो, सम्पूर्ण देवताओंके निमित्त भोग प्राप्त हो, पृथ्वी और स्वर्गके निमित्त भोग प्राप्त हो अर्थात् आत्मा अकर्ता और अभोक्ता है इसको न तौ

यमायुस्स्वाहान्तंकायुस्वाहांमृत्यवेुस्वाहां ॥ ब्रह्मंणेस्वाहांब्र ह्महुत्यायैुस्वाहाविश्श्वेभ्योदेुवेभ्युःस्वाहाुद्यावांपृथिवीभ्या ॐस्वाहां ॥ ७ ॥ इति रुद्रे सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

कुछ भोग लगते हैं और न कुछ कर्म लगते हैं यह आत्मा तौ निर्विकार है ॥ ७ ॥ इति षडङ्गरुद्रीकी भाषामें सप्तम अध्याय समाप्त हुआ ॥ ७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मेरा अन्न और मेरा द्रव्य योगयज्ञसे आत्माको प्राप्त हो और मुझे अन्नदान करनेकी प्रेरणा करो और खाओ । मेरी शुद्धि और मेरा सात्विकभाव, मेरा पान और संकल्प, मेरा उदात्तं अनुदात्त स्वरित वर्णों-

हरिः ॐ वाजंश्च ॥ मेप्प्रसवंश्चमेप्प्रयंतिश्चमेप्प्रसितिश्चमेधी
